Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start operation of Akashvani Kendra in Rajgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-laid.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : हमारे यहां राजगढ़ में आकाशवाणी केन्द्र पूर्ण सुजज्जित होकर अत्याधुनिक रिकॉर्डिंग स्टूडियो सहित स्थित है, जो कि केवल स्टाफ के अभाव में रिकार्डिंग व स्थानीय स्तर पर प्रसारण नहीं कर पा रहा है । स्टूडियो काफी समय से बंद पड़ा होने व देखरेख के अभाव में नष्ट हो जायेगा, जिसके लिए स्टाफ प्रतिपूर्ति किये जाने की मांग हमारे द्वारा लम्बे समय से की जाती रही है । यदि दूरदर्शन केन्द्र के रिक्त हुए स्टाफ को आकाशवाणी केन्द्र में पदस्थ कर दिया जाता है तो आकाशवाणी केन्द्र की रिकार्डिंग व स्थानीय स्तर पर प्रसारण आदि कार्यों की समस्त व्यवस्थायें सुचारू रूप से चल सकेंगी । अतः मैं मंत्री महोदय से दूरदर्शन केन्द्र के स्टाफ को आकाशवाणी केन्द्र राजगढ़ में पदस्थ करने व स्टूडियो के पुनः परिचालन कर रिकार्डिंग व स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमों के प्रसारण संबंधी स्वीकृति जारी करने का अनुरोध करता हूं ।